मेरे जीवन की डोर गणेश तेरे हाथों में

मेरे जीवन की डोर गणेश तेरे हाथों में,
तेरे हाथों में तेरे हाथों में,
मेरे जीवन की डोर....

जब गणपति तेरी चौकी सजाऊं,
देख रहे सब देव गणेश मेरे अंगना में,
मेरे जीवन की डोर.....

जब गणपति तोहै चौकी पर बिठाए,
आय ब्रह्मा विष्णु महेश गणेश मेरे अंगना में,
मेरे जीवन की डोर.....

जब गणपति तेरे चरण धुलाय,
गंगा करें प्रवेश गणेश मेरे अंगना में,
मेरे जीवन की डोर.....

जब गणपति तुम्हें हार पहनाए,
बरसत फूल अनेक गणेश मेरे अंगना में,
मेरे जीवन की डोर.....

रिद्धि सिद्धि तेरे संग में आए,
आए गए सब देव गणेश मेरे अंगना में,
मेरे जीवन की डोर.....

अंगना में तेरा कीर्तन कराया,
नाच रहे सब देव गणेश मेरे अंगना में,
मेरे जीवन की डोर......

जब गणपति तेरा भोग लगाया,
बरस रहे हैं कुबेर गणेश मेरे अंगना में,
मेरे जीवन की डोर.....

जब गणपति तेरा दर्शन पाया,
मिट गए सभी क्लेश गणेश मेरे जीवन में,
मेरे जीवन की डोर.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27416/title/mere-jivan-ki-dor-ganesh-tere-hathon-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |